# Terms of Reference

## Project Manager - Scientific (Medical Research Planning and Coordination) – PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (ICMR) – 01 Position

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi on behalf of Indian Council of Medical Research (ICMR), New Delhi, is seeking applications from qualified candidates for the above-mentioned post purely on a contractual basis.

### A. BACKGROUND

ICMR seeks Project Managers to contribute to the implementation of the PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (PM-ABHIM). Within this context, the Project Managers of ICMR will be part of a Program Management and Implementation Unit (PMIU) under ICMR for the project related activities.

### B. PROJECT BACKGROUND AND OBJECTIVES

PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (PM-ABHIM) is a Centrally Sponsored Scheme with Central Sector Components. The objective of the scheme is to fill critical gaps in health infrastructure, surveillance and health research – spanning both the urban and rural areas, so that the communities are Atmanirbhar in managing such pandemic / health crises. The measures under the scheme focus on developing capacities of health systems and institutions across the continuum of care at all levels viz. primary, secondary and tertiary and on preparing health systems in responding effectively to the current and future pandemics / disasters.

### C. SCOPE OF WORK

The Project Managers (PM-ABHIM) will work in the PM-ABHIM PMIU unit established in ICMR, with the following tasks:

**Responsibilities:**

Provide support in scientific, technical, policy, research, planning, and coordination, etc. activities in effective implementation of different components undertaken by ICMR under PM-ABHIM

Develop guidelines, SOPs, templates, formats along with guidance documents

Undertake field visits and monitor / review the programme implementation

Work with all stakeholders including World Bank Team and ensure successful implementation of the programme

Monitor the progress of the PM-ABHIM (in all respects, including Physical and Financial Targets) and provide inputs on a regular basis.

Any other assignments as assigned by ICMR and reporting officer, from time to time.

**Essential Qualification / Requirements:**

MBBS, preferably MD in PSM, Community Medicine. Five Years experience in a BSL-2+ / BSL-3 Labs. Experience in handling biomedical instruments and preparation of concept proposals. Conversant with Computer Applications, preparation of Scientific documents and conducting meetings. Planning and Monitoring implementation of the project goals.

**Reporting:**

The Project Manager (PM-ABHIM) will report to the Deputy Director General (Admn), ICMR or the Project Nodal Officer, as the case may be.

**Contract Period:**

The engagement will be purely on contractual basis, initially for a period of one year. However, subject to satisfactory performance, it may be renewed for further period, purely at the discretion of ICMR. The contract may however, be terminated by either party by giving one month notice. ICMR reserves right to terminate immediately, with one month's notice pay also.

**No. of Positions**: 01 (One)

**Location:** Primarily Delhi. If required, may be sent on tour to other stations, for project related works.

**Other conditions**: As per the extant guidelines of ICMR.

**Age**: Up to 40 Years (as on the date of receiving the application)

**Remuneration:** Between Rs.01 to 02 Lakhs per month, based on merit and experience.

**How to Apply:**

Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **29- August-2023**.

*********

संदर्भ शर्तें

## परियोजना प्रबंधक - वैज्ञानिक (चिकित्सा शोध योजना एवं समन्वय) - पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (आईसीएमआर) - 01 पद

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), नई दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, उपर्युक्त पद हेतु पूर्णतया संविदात्मक आधार पर सुयोग्य पदाभिलाषियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

### क. पृष्ठभूमि

आईसीएमआर परियोजना प्रबंधकों से पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के कार्यान्वयन में योगदान प्राप्त करने की इच्छा रखता है। इस संदर्भ में, आईसीएमआर के ये परियोजना प्रबंधक परियोजना से संबंधित क्रियाकलापों के लिए आईसीएमआर के अंतर्गत कार्यक्रम प्रबंधन एवं कार्यान्वयन इकाई (पीएमआईयू) का हिस्सा बनेंगे।

### ख. परियोजना की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य

पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) केंद्रीय क्षेत्र के घटकों के सा केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में फैले स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे, निगरानी और स्वास्थ्य पर शोध में विस्तृत खाई को पाटना है ताकि लोग ऐसी महामारी / स्वास्थ्य संबंधी संकट के प्रबंधन में आत्मनिर्भर हो सकें। इस योजना के अंतर्गत किये जाने वाले समस्त उपाय, देखभाल की निरंतरता बरकरार रखते हुए सभी स्तरों पर यथा प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक तथा वर्तमान व भविष्य की महामारियों/आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियां तैयार करते हुए स्वास्थ्य प्रणालियों और संस्थानों की क्षमता विकसित करने पर केंद्रित हैं।

### ग. कार्यक्षेत्र

परियोजना प्रबंधक (पीएम-एबीएचआईएम) निम्नलिखित कार्यों के साथ आईसीएमआर में स्थापित पीएम-एबीएचआईएम पीएमआईयू इकाई में काम करेंगे:

**उत्तरदायित्व:**

पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत आईसीएमआर द्वारा किए गए विभिन्न घटकों के प्रभावी कार्यान्वयन में वैज्ञानिक, तकनीकी, नीतिगत, शोध, योजनागत तथा समन्वय इत्यादि क्रियाकलापों में सहायता प्रदान करना।

मार्गदर्शी दस्तावेजों के साथ दिशानिर्देश, एसओपी, टेम्पलेट, प्रारूप विकसित करना।

क्षेत्र का दौरा करना एवं कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी/समीक्षा करना।

विश्व बैंक टीम सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करना तथा कार्यक्रम का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।

पीएम-एबीएम (भौतिक और वित्तीय लक्ष्य सहित सभी मामलों में) की प्रगति की निगरानी करना और नियमित आधार पर इनपुट प्रदान करना।

कोई अन्य कार्य जो आईसीएमआर और रिपोर्टिंग अधिकारी समय-समय पर निर्दिष्ट करे।

**अनिवार्य अर्हता / अपेक्षाएं:**

एमबीबीएस, अधिमानतः पीएसएम, सामुदायिक चिकित्सा में एमडी। बीएसएल-2+/बीएसएल-3 लैब में पांच वर्ष का अनुभव। बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन एवं अवधारणा प्रस्ताव तैयार करने का अनुभव। कंप्यूटर अनुप्रयोगों का ज्ञान, वैज्ञानिक दस्तावेज़ तैयार करना और बैठकें आयोजित करना। परियोजना के लक्ष्यों की योजना बनाना एवं कार्यान्वयन की निगरानी।

**रिपोर्टिंग:**

परियोजना प्रबंधक (पीएम-एबीएचआईएम) यथास्थिति, उप महानिदेशक (प्रशासन), आईसीएमआर या परियोजना नोडल अधिकारी को रिपोर्ट करेगा।

**संविदा की अवधि:**

यह नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी। हालाँकि, संतोषजनक कार्य निष्पादन के अधीन, इसे पूर्णतया आईसीएमआर के विवेक पर, आगे की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। हालाँकि, किसी भी पक्षकार द्वारा एक महीने का नोटिस देकर संविदा समाप्त की जा सकती है। आईसीएमआर के पास एक महीने के नोटिस वेतन के साथ तत्काल सेवा समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**पदों की संख्या:** 01 (एक)

**अवस्थिति:** आरंभ में दिल्ली। आवश्यकता पड़ने पर परियोजना संबंधी कार्यों के लिए अन्य स्टेशनों के दौरे पर भी भेजा जा सकता है।

**अन्य शर्तें:** आईसीएमआर के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार।

**आयु:** 40 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त होने की तिथि के अनुसार)

**पारिश्रमिक:** योग्यता और अनुभव के आधार पर 01 से 02 लाख रुपये प्रति माह के बीच।

**आवेदन कैसे करें:**

पदाभिलाषियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन सही ढंग से भरें जो एनएचएसआरसी वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **29-August-2023** है।

********